संक्षिप्त

विशाल भंडारा आज

शाहपुा । शहर के वार्ड नंबर 3 ढबासो की ढाणी में स्थित वीर तेजाजी महाराज के मन्दिर में शुक्रवार को विशाल वार्षिक भंडारा व मेला आयोजित होगा। इस दौरान श्री वीर तेजाजी महाराज के मन्दिर में रंग बिरंगी लाईटों से सजावट कर फुलों से आकर्षक झांकी सजाई जाएगी और अखण्ड ज्योत लेकर गोठियों द्वारा वीर तेजाजी महाराज के भजनों की प्रस्तुति दी जायेगी। वीर तेजाजी महाराज मन्दिर के गोठिये कैलाश चंद पलसानिया ने बताया कि विशाल भंडारे में श्रद्धालु पंगत प्रसादी ग्रहण कर व वीर तेजाजी महाराज के धोक लगाकर कर खुशहाली की दुआ करेंगे।

राष्ट्रीय एकता दिवस कार्यक्रम आज

पावटा। लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में 31 अक्टूबर को जिलेभर में राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया जाएगा। इस अवसर पर पावटा स्थित महेसाणा जिला सहकारी दूध उत्पादक संघ लिमिटेड दूध सागर नेशनल अमूल के अवशीतन केंद्र पर सरदार पटेल कोऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन के तत्वाधान में राष्ट्रीय एकता दिवस का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर एक भारत श्रेष्ठ भारत एवं बिना सहकार नहीं उद्धार के सिद्धांतों को किसानों एवं दुग्ध उत्पादकों तक पहुंचाने हेतु विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। समझ में सरदार पटेल के महान योगदान को स्मरण किया जाएगा एवं एकता व सहकार की भावना को सशक्त करने के लिए एकता दौड़/ एकता मार्च का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में क्षेत्र के सैकड़ो दुग्ध उत्पादको एवं सहकारी संगठनों के प्रतिनिधियों के भाग लेने की संभावना है।

अवैध देशी शराब के साथ दो गिरफ्तार

निवाई। सदर थाना पुलिस ने अवैध हथकड देशी शराब के साथ अलग-अलग दो जनों को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी राजेन्द्र प्रसाद ने बताया कि अवैध देशी शराब के साथ आरोपी मंगल उर्फ मंगल्या मोग्या पुत्र पूसाराम मोग्या निवासी बिजोलाव थाना नरैना जिला जयपुर हाल निवासी बालाजी का फाटक के पास चनानी को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि आरोपी के विरूद्ध लूट व नकबजनी के कई प्रकरण दर्ज है। इसी प्रकार अवैध देशी शराब जप्त कर आरोपी लखनकुमार पुत्र मांगीलाल वाल्मिकी निवासी वार्ड नम्बर 43 हीरा चौक पुलिस थाना पुरानी टोंक को गिरफ्तार किया है।

कलशयात्रा निकाली

सिरस। गांव श्योसिंहपुरा में भौमियाजी की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा का पांच दिवसीय समारोह गुरुवार को भव्य कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ। श्रद्धालु जगदीश प्रजापत व प्रभुलाल प्रजापत ने बताया की आचार्य वेदप्रकाश वेदाचार्य, सत्यनारायण शर्मा, शंकर लाल, महेंद्र शर्मा व राजेश शर्मा ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ जल से भरे कलशो की पूजा अर्चना करवाई। इसके बाद कलश यात्रा को रवाना किया। कलश यात्रा में महिलाएं नए-नए परिधान पहनकर सिर पर कलश रखकर मंगल गीत गाती हुई चल रही थी। इस अवसर पर जगदीश प्रजापत, प्रभुलाल प्रजापत, कजोड़ प्रजापत, रामसहाय प्रजापत, रामअवतार प्रजापत, पूर्व उपसरपंच कैलाश प्रजापत, हरीलाल प्रजापत, श्योजीराम प्रजापत, नेहनूराम प्रजापत, गिरिराज प्रजापत, रामफूल प्रजापत, रतन प्रजापत, रामप्रसाद प्रजापत, मुरारी, धर्मेंद्र, राकेश व कालूराम सहित कई श्रद्धालु मौजूद थे।

किसानों की समस्याओं को लेकर की चर्चा

निवाई। किसान महापंचायत के पदाधिकारियों ने नवनियुक्त उपखंड अधिकारी प्रीति मीणा को शॉल एवं गुलदस्ता भेंट किया एवं किसानों की समस्याओं को लेकर चर्चा की। महापंचायत के ब्लॉक अध्यक्ष दशरथसिंह चौहान ने बताया कि उपखंड अधिकारी प्रीति मीणा का स्वागत किया तथा सुअरों से फसल सुरक्षा सहित अन्य मांगों को लेकर चर्चा की।

लोगों ने जीमी प्रसादी

निवाई। गांव रजवास में श्री बूढला बालाजी आश्रम पर संत रामगोपाल दास महाराज के सानिध्य में अन्नकूट महोत्सव का भव्य आयोजन हुआ। जिसको लेकर बालाजी की झांकी सजाई गई व बाजरा, चावल, मालपुआ, खीर व रामभाजा का भोग लगाये। इसके बाद श्रद्धालुओं को प्रसादी जिमाई गई। इस दौरान भगवान के जयकारों के साथ सुख शांति की मनोकामना की

सरकार का लक्ष्य है प्रत्येक नागरिक को मूलभूत सुविधाएं सुलभ रूप से मिलें : भूपेंद्र यादव

किशनगढ़ बास। केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने गुरुवार को किशनगढ़ बास विधानसभा क्षेत्र के गांव मीरका, हरसौली एवं मुंडावर में विभिन्न कार्यों का उद्घाटन एवं लोकार्पण किया। इसके अलावा मंत्री ने हरसौली में शहीद भूपेंद्र सिंह की प्रतिमा का अनावरण कर शहीद के परिजनों को शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया तथा अलवर सांसद खेल उत्सव 2.0 के तहत जवाहर नवोदय विद्यालय खैरथल के मैदान में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत कर खिलाड़ियों हौसला-अफजाई करते हुए विभिन्न खेलों की खेल प्रतियोगिताओं का शुभारम्भ किया।

इस अवसर पर जिला प्रमुख बलबीर सिंह छिल्लर, पूर्व विधायक किशनगढ़बास रामहेत सिंह यादव, जिला अध्यक्ष महासिंह चौधरी,अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) अध्यक्ष कल्याण चौबे, पुलिस अधीक्षक मनीष कुमार, प्रधान कोटकासिम संता देवी, उपखंड अधिकारी किशनगढ़ बास मनीष कुमार जाटव, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी अरविंद गेट, मंडल अध्यक्ष कोटकासिम सुरेंद्र जांगिड़, लक्ष्मीकांत, रामानंद, पूर्ण सिंह मीरका सरपंच सहित प्रबुद्ध व्यक्ति एवं बडी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

हरसौली में शहीद भूपेंद्र सिंह की प्रतिमा का अनावरण करते केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव साथ में पूर्व विधायक रामहेत सिंह यादव।

- खैरथल मे खेल स्टेडियम के निर्माण घोषणा व मुख्य बाजार फ्लाईओवर तथा बायपास फ्लाईओवर का शीघ्र होगा काम शुरू। इंडस्ट्रियल हब के रूप में जिले को किया जाएगा विकसित। अलवर सांसद 2.0 के तहत खैल प्रतियोगिता का किया शुभारंभ

खैरथल कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव ने खैरथल में एक आधुनिक खेल स्टेडियम के निर्माण की घोषणा करते हुए कहा कि क्षेत्र में खेल सुविधाओं के विस्तार से स्थानीय प्रतिभाओं को नई उड़ान मिलेगी।

मंत्री यादव ने अटल गौरव पथ योजना के तहत हरसौली स्थित संत दास जी मंदिर फटाक से हरसोली सरपंच निवास तक 2 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली सड़क एंव लॉर्ड्स कृष्णा स्कूल स्थित सड़क का लोकार्पण तथा 55 लाख रुपए की लागत से निर्मित उप स्वास्थ्य केंद्र मीरका तथा सांसद निधि से 10 लाख रुपए में तैयार हुए सांस्कृतिक केंद्र का उद्घाटन किया गया। बजट घोषणा 2025-26 के तहत एक करोड़ 93 लाख 500 की राशि से लोक देवता श्री 1008 कुंदन दास जी महाराज मंदिर एनीकट जीर्णोद्धार कार्य का शिलान्यास तथा मंदिर परिसर में ही लाहडौद के ग्रामीणों द्वारा बनाए जा रहे हाल का शिलान्यास एवं नांगल सालिया के ग्रामीणों द्वारा बनाए हॉल का उद्घाटन किया।

'सनातन संस्कृति में गौ माता का पवित्र स्थान'

अलवर। केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव ने आज गोपाष्टमी के अवसर पर अलवर के स्टेशन रोड स्थित सार्वजनिक गौशाला में गाय को चारा खिलाकर गो माता की पूजा-अर्चना की।

केंद्रीय वन मंत्री यादव ने कहा कि गौ माता भारतीय संस्कृति की परिचायक होने के साथ ही सनातन संस्कृति में गौ माता का पवित्र स्थान रहा है। हमारे ग्रंथों में भी कहा गया है कि गौ माता की सच्चे भाव से सेवा करने पर जीवन में विभिन्न प्रकार के कष्टों का हरण होता है। उन्होंने कहा कि गोपाष्टी, मकर संक्रांति इत्यादि त्योहारों व पर्वों पर गौ माता को चारा आदि खिलाकर जीवन में सुख-समृद्धि की कामना की जाती है। इस दौरान उन्होंने गौशाला का निरीक्षण कर वहां गौ माता के लिए की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने वहां स्थित राधा-कृष्ण मंदिर में पूजा-अर्चना कर देश व प्रदेश की खुशहाली की कामना की।

श्यालावास जेल में मानव श्रृंखला बनाकर एकता का संदेश दिया

दौसा। विशिष्ट केंद्रीय कारागृह श्यालावास में राष्ट्रीय एकता दिवस की पूर्व संध्या पर गुरुवार को देशभक्ति और एकता से ओतप्रोत कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर बंदियों ने सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा के चित्र के समक्ष देशभक्ति गीतों की धुन पर 'रन फॉर यूनिटी' में भाग लिया और एक विशाल मानव श्रृंखला बनाकर एकता और अखंडता का सशक्त संदेश दिया।

जेल अधीक्षक पारस जांगिड़ ने बताया कि कारागार में निरंतर ऐसे प्रेरणादायक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं जिनसे बंदियों में राष्ट्रप्रेम, अनुशासन और आत्म-सुधार की भावना सशक्त हो रही है। जेलर विकास बागोरिया और डिप्टी जेलर दिलावर ख़ान के निर्देशन में यह आयोजन संपन्न हुआ। जेल अधीक्षक ने बताया कि शुक्रवार को सरदार वल्लभभाई पटेल जयंती पर राष्ट्रीय एकता दिवस धूमधाम और गरिमा के साथ मनाया जाएगा, जिसमें देशभक्ति गीत, भाषण, एकता प्रतिज्ञा और सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ होंगी। इस अवसर पर वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. अमित सैनी, शिवांगन स्पिनर्स जयपुर के निदेशक किशन सिंह भाटी, दौसा जिला उपभोक्ता होलसेल भंडार के महाप्रबंधक विमलेश सैनी, आरएसी प्लाटून कमांडर मनेश कुमार सहित कारागृह स्टाफ तथा सभी चार सौ से अधिक बंदी उपस्थित रहे।

बंदियों ने मानव श्रृंखला बनाकर देशभक्ति गीतों पर दौड़ लगाई।

अन्नकूट महोत्सव मनाया

निवाई। गुरूवार को कृषि उपज मंडी में स्थित भगवान लक्ष्मीनारायण मंदिर में अन्नकूट महोत्सव आयोजित किया गया जिसमें हजारों श्रद्धालु उमड़ पड़े। महोत्सव को लेकर मंदिर पुजारी द्वारा भगवान लक्ष्मीनारायण, शिव पंचायत और हनुमान जी की झांकी सजाकर पूजा अर्चना करके महाआरती की। इसके बाद भजनानमृत कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें श्रद्धालुओं ने जमकर भक्तिनृत्य किया। श्रद्धालुओं ने भगवान लक्ष्मीनारायण जी के अन्नकूट का भोग लगाकर महाआरती की। इस अवसर पर व्यापार मंडल अध्यक्ष ओमप्रकाश चंवरिया, मंदिर अध्यक्ष केदारप्रसाद खंडेलवाल, ओमप्रकाश कोलाडा, ताराचंद बोहरा, रामवतार घाटी, कपील खंडेलवाल, मुरारीलाल पंडा, राजेश नाटाणी, संजय भाणजा, दीपक गुप्ता, रोहित टोडवाल, बुद्धराम चौधरी, सुरेन्द्र बेनीवाल, शिवप्रकाश पारीक, मंडी सचिव कमलकिशोर सोनी व कुलदीप पारासर सहित कई मंडी व्यापारी व श्रद्धालु व्यवस्थाओं में जुटे रहे।

जब पार्टी ने निकाला तो दौसा ने संभाला, कृषि मंत्री किरोड़ी लाल मीणा का फिर छलका दर्द

दौसा। प्रदेश के कृषि मंत्री डॉ. किरोडीलाल मीणा दौसा विधानसभा उपचुनाव में भाई जगमोहन मीणा को मिली हार को अभी तक नही भूल पाये है, उनका ये दर्द दौसा में आयोजित कार्यक्रमो में छलक उठता है।

- कृषि मंत्री मीणा ने कहा कि मैं दौसा की युवा टीम का भी आभार व्यक्त करना चाहता हूं, जिनके समर्थन से हालिया उपचुनाव में भाजपा की इज्जत बची रही। मेरे छोटे भाई जगमोहन मीणा के चुनाव हार जाने के बाद मैं पहली बार इतनी भीड़ में दौसा की जनता को देख रहा हूं।

हुआ यूं कि बुधवार रात्रि को दौसा में डेयरी प्रीमियम खेल प्रतियोगिता का समापन समारोह आयोजित किया गया था। समारोह में भारी भीड को देखकर एक बार फिर वे भावुक हो गये तथा भावुक होने हुये कृषि मंत्री डॉ. किरोडीलाल मीणा ने कहा कि मेरे छोटे भाई जगमोहन मीणा के चुनाव हार जाने के बाद मैं पहली बार इतनी भीड़ में दौसा की जनता को देख रहा हूं। अगर मेरे साथ यह टीम नहीं लगी होती तो उपचुनाव में जमानत जब्त हो जाती.। उन्होने भाजपा द्वारा पार्टी से निकाले जाने के दौर का जिक्र करते हुये कहा कि दौसा की जनता ने ऐसे समय में मुझ पर ऐसा एहसान किया था, जब मुझे पार्टी से निकाल दिया गया था। मेरी नैया डूबने वाली थी। तब दौसा की जनता ने मुझे निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में 1 लाख 46 हजार वोटों से जिताकर संसद में भेजा था, जिसके चलते सामने राष्ट्रीय पार्टियों के उम्मीदवारों की जमानत जब्त हो गई थी। डॉ. मीणा ने इस जीत को देश भर में एक रिकॉर्ड बताया और कहा कि वह इस एहसान को कभी नहीं भूल सकते।

कृषि मंत्री मीणा ने कहा कि मैं दौसा की युवा टीम का भी आभार व्यक्त करना चाहता हूं, जिनके समर्थन से हालिया उपचुनाव में भाजपा की इज्जत बची रही। मेरे छोटे भाई जगमोहन मीणा के चुनाव हार जाने के बाद मैं पहली बार इतनी भीड़ में दौसा की जनता को देख रहा हूं। अगर मेरे साथ यह टीम नहीं लगी होती तो उपचुनाव में जमानत जब्त हो जाती। इस युवा टीम का ही परिणाम है कि हमारी इज्जत रह गई। मेरे ऊपर सबसे ज्यादा हक दौसा के युवाओं का है।

कृषि मंत्री डॉ. मीणा ने युवाओं से पूछा कि क्या वे लाल बहादुर शास्त्री जैसा नेता बन सकते हैं? उन्होंने जय जवान, जय किसान का नारा देने वाले शास्त्री की ईमानदारी और सादगी का जिक्र किया। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री रहते हुए भी, जब लाल बहादुर शास्त्री का निधन हुआ, तो उनकी जेब में केवल 220 रुपये थे। उन्होंने बताया कि लाल बहादुर शास्त्री ने प्रधानमंत्री रहते हुए भी एम्बेसडर कार बैंक से लोन पर ली थी और उनके निधन के बाद उनकी मां को उस कार का बकाया लोन चुकाना पड़ा था। डॉ. मीणा ने युवाओं से आ ान किया कि अगर राजनीति में आना है, तो शास्त्री जी जैसा ईमानदारी का मार्ग चुनें।

कृषि मंत्री डॉ. मीणा ने सरदार वल्लभभाई पटेल को अखंड भारत का निर्माता बताते हुए कहा कि देश की आजादी के समय देश में 543 रियासतें थीं और अगर पटेल नहीं होते तो देश को एक करना संभव नहीं होता।

'आत्मनिर्भर भारत' व 'घर-घर स्वदेशी' की दिलाई शपथ

निवाई। एक निजी गार्डन में भाजपा के आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के अंतर्गत विधानसभा कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष नितिन जैन छाबड़ा ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा राष्ट्रीय सचिव डॉ अलकासिंह गुर्जर, अध्यक्षता विधायक रामसहाय वर्मा, विशिष्ट अतिथि जिला महामंत्री विष्णु शर्मा व नगर पालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी ने विधिवत दीप प्रज्वलित कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

- भाजपा के आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के अंतर्गत विधानसभा कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया

भाजपा राष्ट्रीय सचिव अलकासिंह गुर्जर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाल किले से कहा कि वर्तमान समय में देश को आत्मनिर्भर होना आवश्यक है। आत्मनिर्भर भारत 2047 तक विकसित भारत बनेगा। इससे भारत दोबारा सोने की चिडिया कहलाने वाला देश बनेगा। इसके लिए हम हमारे देश के लोकल कामगारों को बढ़ावा देंगे। भारत देश सबसे ज्यादा प्राकृतिक संसाधनों वाला देश है। भारत देश में सबसे ज्यादा प्रतिभाएं हैं।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने आर्थिक उपनिवेश वाद को बढ़ावा दिया था। भारत देश 2014 से लगातार विकसित भारत की ओर बढ़ रहा है। विधायक रामसहाय वर्मा ने कहा कि हमें दैनिक जीवन में काम आने वाली वस्तुओं को भी हमारे लोकल कामगारों से ही खरीदना चाहिए।

भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा आत्मनिर्भर भारत के लिए जगह-जगह कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान जिला महामंत्री विष्णु शर्मा व नगर पालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। इस दौरान राष्ट्रीय सचिव ने कार्यकर्ताओं को आत्मनिर्भर भारत हर घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेशी की शपथ भी दिलाई। कार्यक्रम में नटवाड़ा मंडल अध्यक्ष बद्री विजय, डागरथल मंडल अध्यक्ष केदार चौधरी, वरिष्ठ पार्षद परसराम कुमावत, रामविलास बलाई, शंकरलाल सैनी, जयनारायण कुमावत, मास्टर मदनलाल वर्मा, शिवदयाल हरभावंता, रामकेश मीणा, रामावतार घाटी, रामचरण पारीक, मोहित चंवरिया,जीतू विजय, सुरज्ञान गुर्जर व आसाराम डोई सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

'विशेष गहन पुनरीक्षण के लिये 4 नवम्बर से घर-घर पहुंचेंगे बीएलओ'

कोटपूतली। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के द्वितीय चरण का शुभारंभ 12 राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों में किया गया है। इसमें राजस्थान भी शामिल है। इस संदर्भ में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलक्टर प्रियंका गोस्वामी मीडीया से बातचीत करते हुए बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण का उद्देश्य मतदाता सूची को अद्यतन, शुद्ध एवं त्रुटिरहित बनाना है। इससे कोई भी पात्र नागरिक छूटे नहीं और कोई भी अपात्र व्यक्ति सूची में शामिल नहीं रहे। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची के इस पुनरीक्षण में 2002 की मतदाता सूचियों के आधार पर निर्वाचक मैपिंग की जा रही है। इसके तहत राज्य में अब तक लगभग 70 प्रतिशत से अधिक मैपिंग पूर्ण हो चुकी है। इसी अनुपात में जिले में भी कार्य हुआ है।

उन्होंने बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण के अंतर्गत निर्वाचन विभाग द्वारा प्रत्येक मतदाता के लिए परिगणना प्रपत्र (ईएफ) तैयार किए जा रहे हैं। इनमें मतदाता के वर्तमान मतदाता सूची में दर्शाए गए आवश्यक विवरण शामिल होंगे। इसमें मतदाता का नाम, पता, विधानसभा क्षेत्र, भाग संख्या आदि पूर्व मुद्रित रहेगा। बीएलओ प्रत्येक मतदाता को परिगणना प्रपत्र वितरित करेंगे। बीएलओ 2002 की मतदाता सूची के अनुसार मतदाता को अपने नाम अथवा अपने रिश्तेदार के नाम के साथ मिलान एवं लिंक करने में सहयोग करेंगे। परिगणना प्रपत्र में मतदाता की पुरानी फोटो पूर्व मुद्रित रहेगी। इसके पास मतदाता को अपनी नवीनतम रंगीन फोटो परिगणना प्रपत्र पर चिपकानी होगी।

उन्होंने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग की वेबसाइट के सिटिजन सेन्टर कॉर्नर से मतदाता सूचियों देखी जा सकती है।

पूर्व में की गई एसआईआर के सम्पूर्ण भारतवर्ष के डाटा वेबसाइट पर उपलब्ध कराए गए है। यहां मतदाता 2002 की राजस्थान की मतदाता सूची एवं अन्य राज्यों की सूचियाँ भी देख सकते हैं। बीएलओ भरे हुए परिगणना प्रपत्र मतदाताओं से प्राप्त कर सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी (एईआरओ) को जमा कराएंगे। बीएलओ प्रत्येक मतदाता के घर तीन बार जाएंगे तथा उन्हें परिगणना प्रपत्र भरने में सहायता करेंगे। इसे मतदाता अपने स्तर पर ऑनलाईन भी कर सकते हैं।

पत्रकारों से वार्ता करती जिला कलक्टर प्रियंका गोस्वामी।

- जिले के प्रतिष्ठित मीडिया संस्थानों के प्रतिनिधियों के साथ कॉन्फ्रेंस आयोजित कर जिला निर्वाचन अधिकारी ने दी जानकारी

31 अक्टूबर को होगी रन फॉर यूनिटी एवं पदयात्रा

दौसा। केन्द्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय तथा युवा मामले एवं खेल विभाग के निर्देशों की पालना में सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती पर 31 अक्टूबर को सुबह 9 बजे से जिला मुख्यालय पर रन फॉर यूनिटी एवं पदयात्रा का आयोजन किया जाएगा। अतिरिक्त जिला कलक्टर अरविंद शर्मा ने गुरुवार को इस संबंध में अधिकारियों की बैठक ली और सफल आयोजन को लेकर दायित्व सौंपे।

अतिरिक्त जिला कलक्टर अरविंद शर्मा ने बताया कि 31 अक्टूबर को प्रात: 9 बजे जिला कलक्ट्रेट से गांधी तिराहे तक रन फॉर यूनिटी एवं पदयात्रा का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान राष्ट्रीय एकता का संदेश देते हुए नुक्कड़ नाटक मंचन एवं रंगोली भी बनाई जाएगी। अतिरिक्त जिला कलक्टर ने पदयात्रा एवं अन्य कार्यक्रम को सुव्यवस्थित ढंग से सम्पादित करने के लिए विभिन्न अधिकारियों को अलग-अलग दायित्व सौंपे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी व्यवस्थाएं बेहतर ढंग से समय पर करें।

सार-समाचार

स्थायी वारंटी को किया गिरफ्तार

फुलेरा। पुलिस मुख्यालय से वांछित अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत फुलेरा थाना पुलिस ने एक स्थायी वारंटी को गिरफ्तार किया है। जयपुर ग्रामीण की पुलिस अधीक्षक राशी डोगरा डूडी ने बताया कि आईजी जयपुर रेंज के निर्देश पर 1 अक्टूबर से 31 अक्टूबर 2025 तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दूदू शिवलाल बैरवा एवं पुलिस उपअधीक्षक अनुपम मिश्रा के सुपरविजन में फुलेरा थानाधिकारी राजेश कुमार के नेतृत्व में हैड कॉन्स्टेबल महादेव प्रसाद, कांस्टेबल महावीर व रविदत्त की टीम ने कार्यवाही करते हुए स्थायी वारंटी बालकृष्ण वेद निवासी वार्ड नं. 7 श्यालावास खुर्द, बादीकुई जिला दौसा को गिरफ्तार किया। फुलेरा थानाधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी को आवश्यक कानूनी कार्यवाही के बाद न्यायालय में पेश किया जाएगा।

मेडिकल असेसमेन्ट कैम्प 3 नवम्बर को

टोंक। समग्र शिक्षा अन्तर्गत समावेशित शिक्षा के तहत विशेष आवश्यकता वाले बालक-बालिकाओं का मेडिकल असेसमेन्ट कैम्प का आयोजन 03 एवं 04 नवम्बर को अति. जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा टोंक कार्यालय में आयोजित किया जायेगा। मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी सुशीला करनानी ने बताया कि जिले के सभी विशेष आवश्यकता वाले बालक-बालिकाएं जो अंग उपकरण से वंचित है, वे अपना फक्शनल असैसमेन्ट इस कैम्प के माध्यम से करवा सकते है। यह असेसमेन्ट एलिम्को फरीदाबाद नई दिल्ली के चिकित्सकों एवं स्थानीय चिकित्सीय विशेषज्ञों द्वारा फक्शंनल द्वारा किया जायेगा, चिन्हित बालक-बालिकाओं को बाद में नि:शुल्क अंग उपकरण व्हिल चेयर, ट्राई साईकिल, केलिपर्स, बैसाखी एंव हियरिंग ऐड नि:शुल्क उपलब्ध करवायें जायेगे। साथ ही राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम, टोंक द्वारा विशेष आवश्यकता वाले पात्र बालक-बालिकाओं के लिए नि:शुल्क यात्रा पास बनवायें जायेगें। फक्शनल असैसमेन्ट कैम्प में आने वाले योग्य बालक-बालिका व उसके साथ एक अभिभावकों को विभागीय नियमानुसार आने-जाने का वास्तविक किराये का भुगतान कैम्प स्थल पर विभाग द्वारा किया जायेगा

महिला के साथ साईबर फ्रॉड मामले में आरोपी गिरफ्तार

सांभरझील। जोबनेर थाना पुलिस ने महिला के साथ साइबर अपराध कर धोखाधड़ी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जयपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक राशि डोगरा डूडी ने बताया है कि 29.10.2025 को परिवादिया ने थाना जोबनेर में उपस्थित होकर बताया था कि मेरे फोन पर फोन आया कि आपके पिता के पैसे डालने है उनके फोन पर नही डल रहे है तो आपके लिए बोला है उसने मेरे पिता की दुकान का नाम भी बता दिया ओर परिवादीया के नम्बर पर उसने 30000 का पेसे डालने का मेसेज भेजा फोन चालू था परिवादिया ने अपने फोन को खोला ओर फोन पे नम्बर पर चेक किया उसने बोला की आपके 13000 डालने थे ओर 30000 डल गये परिवादिया ने उस पर विश्वास कर किया और जब वापस पैसे डाले तो परिवादीया के खाते से कुल 47000 रूपये निकल गये। आरोपी ने फोन पे न. 832948200 पर राशी डलवाई थी आदि पर प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया। । प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए प्रकरण में मुलजिम की गिरफ्तारी हेतु अति. पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) रजनीश पूनियां व खलील अहमद वृत्ताधिकारी वृत्त जोबनेर के निकट सुपरविजन तथा सुहैल थानाधिकारी थाना जोबनेर के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा आसूचना संकलन, तकनीकी सहायता से मुल्जिम देशराज निवासी मुबारीकपुर थाना नोगांवा जिला अलवर को जिला अलवर से गिरफ्तार किया गया। प्रकरण में शामिल अन्य मुल्जिमानो की तलाश जारी है। गिरफ्तार आरोपी देशराज पुत्र अशोक कुमार जाति ओड राजपुत उम्र 20 साल निवासी मुबारीकपुर थाना नोगांवा जिला अलवर का है।

भाजपा कार्यकर्ता का सम्मेलन आयोजित

टोंक। निवाई में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत विधानसभा कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया।, बैठक में सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा राष्ट्रीय सचिव डॉ. अलका सिंह गुर्जर, विधायक रामसहाय वर्मा, जिला महामंत्री विष्णु शर्मा और नगर पालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए डॉ. अलका गुर्जर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाल किले से भी देश को आत्मनिर्भर बनाने पर जोर दिया है, इसके लिए लोकल कामगारों को बढ़ावा देना जरूरी है, क्योंकि भारत प्राकृतिक संसाधनों और प्रतिभाओं से भरपूर देश है, उन्होंने कांग्रेस सरकार पर आर्थिक उपनिवेशवाद को बढ़ावा देने का आरोप लगाते हुए कहा कि भारत 2014 से लगातार विकसित भारत की ओर बढ़ रहा है। इस दौरान विधायक रामसहाय वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश लगातार विकसित हो रहा है, उन्होंने कार्यकर्ताओं से दैनिक जीवन में काम आने वाली वस्तुओं को स्थानीय कामगारों से ही खरीदने का आग्रह किया।

'समाज की एकता ही विकास की कुंजी'

कोटपूतली। अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन राजस्थान के प्रदेश महामंत्री केशव गुप्ता व समिति के कोटपूतली-बहरोड़ जिलाध्यक्ष ललित गोयल का खैरथल से जयपुर जाते वक्त कोटपूतली में समाज के लोगों द्वारा स्वागत किया गया। इस मौके पर एड. दिनेश कुमार अग्रवाल के नेतृत्व में समाज के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने दुपट्टा ओढ़ाकर व मालायें पहनाकर गुप्ता का अभिनंदन किया। केशव गुप्ता ने कहा कि समाज की सबसे बड़ी शक्ति उसकी एकता है। जब समाज संगठित होता है, तो हर क्षेत्र में प्रगति स्वाभाविक रूप से होती है। उन्होंने कहा कि हमें सदैव अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन के उद्देश्यों और प्रेरणा पथ पर चलते हुये समाज के उत्थान के लिये कार्य करना चाहिये। गुप्ता ने उपस्थित जनों से आह्वान किया कि आगामी वैश्य महासम्मेलन के वार्षिक आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में भाग लें और समाज की एकता व सहयोग की मिसाल पेश करें। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व पार्षद रघुवीर गोयल, जिला मंत्री कुशल बिदारिया, एड. अभिषेक मोरीजावाला, सीताराम गुप्ता, गोपाल गुप्ता, आदित्य भारद्वाज समेत अन्य मौजूद रहे।

अलग-अलग मामले में 8 गिरफ्तार

निवाई। निवाई पुलिस ने अवैध बजरी खनन व परिवहन की रोकथाम को लेकर बजरी के वाहनों की रैकी करने वाले एवं शान्ति भंग के आरोप में 8 जनों को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी रामजीलाल बैरवा ने बताया कि अवैध बजरी परिवहन की रैकी करने के 7 आरोपी एवं लडाई-झगडा करने के आरोप में एक जनें को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि अवैध बजरी के परिवहन की रैकी करने के आरोप में धर्मराज गुर्जर निवासी ककराज कलां थाना बरोनी, गणेश गुर्जर निवासी माणक चौक पुरानी टोंक, शम्भुदयाल बैरवा निवासी गोतोड थाना मित्रपुरा जिला सवाई माधोपुर, आशाराम गुर्जर व ईश्वरलाल गुर्जर दोनों निवासी भांची थाना बरोनी, धारासिंह जाट निवासी भांवती, रत्तिराम गुर्जर निवासी रजवास हाल निवासी कीर कोलोनी निवाई को गिरफ्तार किया है। इसी प्रकार स्थायी वारण्टी पानमल माली निवासी सिविल लाईन मोदी की चौकी टोंक को गिरफ्तार किया है।

बनास नदी के तेज बहाव में फंसी ट्रैक्टर-ट्रोली

टोक। बीसलपुर बांध के दो गेट खोलने के बाद बांध से 24040 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है, जिसके कारण बनास नदी में जलस्तर बढ़ गया है। इस दौरान गुरुवार को राजमहल रपटे पर एक ट्रैक्टर-ट्रॉली तेज बहाव में फंस गई, जिससे ट्रैक्टर में सवार दो युवकों ने किसी तरह अपनी जान बचाई और तैरकर बाहर आए, हांलांकी ट्रैक्टर-ट्रॉली अभी भी नदी में फंसी हुई है।